# इंडस्ट्रीज जैसा चाहेंगे वैसा इंजीनियर बनाएगा एकेटीयू

- इंडस्ट्रीज की जरूरत के हिसाब कोर्स तैयार
- शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दिखेगा बदलाव



जागरण संवाददाता • लखनऊ: बीटेक करने के बाद विद्यार्थी बेकार नहीं बैठेंगे। इंडस्ट्रीज उन्हें हाथों हाथ लेगी। नौकरी के अलावा अगर वह अपना खुद का स्टार्टअप करना चाहेंगे तो भी उनकी राह आसान बनाई जाएगी। नौकरी करने वाले विद्यार्थियों का प्लेसमेंट भी बढ़ाया जाएगा। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) इंडस्ट्रीज की मांग के अनुसार इंजीनियर बनाने की तैयारी में जुटा है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बीटेक के पाठ्यक्रमों में बदलाव भी दिखेगा।

एकेटीयू अपने पाठ्यक्रमों को इंडस्ट्रीज की मांग के अनुसार तैयार कर रहा है। इसके लिए बोर्ड आफ स्टडीज (बीओएस) में भी इंडस्ट्रीज से जुड़े लोगों को शामिल किया गया है। साथ ही पूर्व छात्रों से भी सुझाव लिया जा रहा है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि इंडस्ट्रीज से जुड़े एक्सपर्ट के सुझाव से कोर्स तैयार होंगे। साथ ही उन्हें प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस के तौर पर भी रखा जाएगा। इससे छात्र इंडस्ट्रीज की मांग के अनुसार तैयार होंगे। नई टेक्नोलाजी से भी लैस होंगे। इस बदलाव से छात्रों के प्लेसमेंट को बढ़ाया जाएगा। छात्रों का प्लेसमेंट बढ़ाने के लिए कालेजों के प्लेसमेंट सेल को भी सक्रिय किया जा रहा है।

**आज नैक पर कार्यशाला** : डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार को नैक मूल्यांकन को लेकर कार्यशाला होगी। इसमें लखनऊ जोन के 179 कालेज हिस्सा लेंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इसका शुभारंभ करेंगी। एकेटीयू की ओर से इस तरह की कार्यशाला जोनवार आयोजित की जा रही है। लखनऊ के बाद नोएडा, वाराणसी में भी नैक मूल्यांकन को लेकर कार्यशाला होगी। विश्वविद्यालय का पूरा जोर है कि सभी कालेज नैक मूल्यांकन कराएं।